Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में बुधवार
सायं 6:44 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में गुरुवार
सुबह 5:36 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ

हल्द्वानी | वर्ष 15 अंक 271 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | बुधवार, 24 अप्रैल 2024



रणवीर सिंह के फर्जी वीडियो...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### राष्ट्रपति इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वन अकादमी के दीक्षांत समारोह होंगीं शामिल

**देहरादून।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू दो दिवसीय उत्तराखंड दौरे पर हैं। मंगलवार को वह एम्स के दीक्षांत समारोह में शामिल होने पहुंची थीं। वहीं आज वह इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वन अकादमी के दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचेंगी। यहां से आज 101 अधिकारी पास आउटहोंगे। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वन अकादमी का 54वां आरआर (2022-24 प्रशिक्षण पाठ्यक्रम) के भारतीय वन सेवा परिवीक्षार्थियों का दीक्षांत समारोह बुधवार को आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगी। वन अनुसंधान संस्थान (एफआरआई) के परिसर में आयोजित होने वाले समारोह में 2022-24 सत्र के 99 भारतीय वन सेवा परिवीक्षार्थी और मित्र देश भूटान के दो भी प्रशिक्षु अधिकारी पासआउट होंगे।
राष्ट्रपति के भ्रमण कार्यक्रम के चलते मंगलवार को जिलाधिकारी सोनिका ने एफआरआई परिसर का निरीक्षण करते हुए संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। वर्तमान बैच से सबसे अधिक 15 अधिकारी मध्य प्रदेश राज्य को मिलने जा रहे हैं, जबकि उत्तराखंड को तीन अधिकारियों की सेवाएं मिलेंगी।

### गढ़वाल में 20 और कुमाऊं में 24 जगह धधके जंगल

**देहरादून।** प्रदेश में जंगल की आग थमने का नाम नहीं ले रही है। लगातार जंगलों के धधकने के मामले सामने आ रहे हैं। प्रदेश में वनाग्नि की 400 से ज्यादा घटनाएं अभी तक सामने आ चुकी हैं। उत्तराखंड में मंगलवार को 46 जगह जंगलों में आग लगी है। इसमें गढ़वाल में 20 और कुमाऊं में 24 जगह जंगल धधके। जबकि दो मामले वन्यजीव क्षेत्र के हैं। जिससे 52 हेक्टेयर से अधिक वन क्षेत्र प्रभावित हुआ है। प्रदेश में जंगल की आग थमने का नाम नहीं ले रही है।

# अब सीएम केजरीवाल से मिलेंगे सौरभ भारद्वाज, आज तिहाड़ जेल में मुलाकात करेंगे

**नई दिल्ली** — एजेंसी

तिहाड़ जेल में बंद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद से आज सौरभ भारद्वाज मुलाकात करेंगे। इससे पहले पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान केजरीवाल से मुलाकात कर चुके हैं।



शराब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में तिहाड़ जेल में बंद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद से आज सौरभ भारद्वाज मुलाकात करेंगे। बताया जा रहा है कि दोनों नेताओं की मुलाकात दोपहर में होगी। इससे पहले पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान केजरीवाल से मुलाकात कर चुके हैं। वहीं, मंगलवार को जेल में केजरीवाल को इंसुलिन दी गई। आम आदमी पार्टी ने दावा किया गया है कि मुख्यमंत्री का शुगर लेवल 320 तक पहुंच गया था। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की हिरासत के बाद सीएम को पहली बार इंसुलिन दी गई। इस मुद्दे को लेकर दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने जेल महानिदेशक से रिपोर्ट मांगी थी। जेल प्रशासन ने जवाब में कहा कि मुख्यमंत्री को इंसुलिन की जरूरत नहीं है। उधर, आप नेता लगातार इसकी मांग को लेकर विरोध कर रहे हैं। बीते दिनों आप नेताओं ने तिहाड़ जेल के बाहर विरोध प्रदर्शन भी किया था।

तिहाड़ जेल के महानिदेशक (जेल) संजय बेनीवाल का कहना है कि तिहाड़ में सब कुछ जेल नियम के तहत होता है। यहां पर सभी कैदियों को समय पर खाना दिया जाता है। मुख्यमंत्री को कोर्ट के आदेश के तहत घर का खाना मिलता है। इसकी जांच में पांच से सात मिनट का समय लगता है। जेल में करीब एक हजार कैदी मधुमेह से पीड़ित हैं। इसका प्रबंधन जेल प्रशासन कर रहा है। जेल में करीब 20 हजार कैदी है। सभी को कुछ न कुछ परेशानी हो सकती है। हमारी कोशिश होती है कि उन्हें दूर किया जाए। हर जेल में एक विजिटिंग जज होते हैं, जो स्वास्थ्य संबंधी जरूरतें, साफ-सफाई और कानूनी समाधान सहित अन्य पर नजर रखते हैं। वह कैदियों की शिकायत भी सुनते हैं।

भिड़े कांग्रेस-आप और सपा कार्यकर्ता

# गठबंधन प्रत्याशी दानिश की जनसभा में हुआ हंगामा

**अमरोहा** — एजेंसी

अमरोहा में गठबंधन प्रत्याशी दानिश अली की जनसभा में जमकर हंगामा हुआ। कांग्रेस, आप और सपा कार्यकर्ता भिड़ गए। जमकर खींचतान हुई। धक्कामुक्की का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है।



सपा-कांग्रेस गठबंधन प्रत्याशी दानिश अली की जनसभा में एक बार फिर कार्यकर्ता आपस में भिड़ गए। मंच पर बैठने को लेकर कांग्रेस, आम आदमी पार्टी और सपा कार्यकर्ताओं के बीच जमकर खींचतान और धक्कामुक्की हुई। इस दौरान आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह भी मंच पर मौजूद थे। किसी तरह बिगड़ते हालात को संभाला गया। खींचतान और हंगामे का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। मंगलवार की रात नगर पालिका टाउन हॉल में गठबंधन प्रत्याशी दानिश अली के समर्थन में आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह जनसभा को संबोधित करने आए थे। इस दौरान सांसद संजय सिंह, गठबंधन प्रत्याशी दानिश अली, सपा, कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद थे। बड़ी संख्या में लोग जनसभा में शामिल होने आए थे। इस दौरान कांग्रेस के नेशनल कोऑर्डिनेटर पुनीत भी मंच पर थे। लेकिन कुछ लोगों ने उन्हें कुर्सी से उठा दिया।

अमरोहा के रहने वाले साजिद खान ने कांग्रेस के नेशनल कोऑर्डिनेटर पुनीत के साथ की जा रही बदसलूकी पर नाराजगी जताई। तभी कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के नेताओं से उनकी झड़प हो गई। जिसके बाद समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता भी उनमें शामिल हो गए। देखते ही देखते जमकर धक्कामुक्की हुई, एक दूसरे को गाली -गलौज और खींचतान की गई। नौबत मारपीट तक पहुंच गई। जमकर हंगामा हुआ। जनसभा में मौजूद लोगों ने हंगामे का वीडियो मोबाइल में कैद कर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया।

हैरत की बात यह है कि आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह और गठबंधन प्रत्याशी दानिश अली मंच पर मौजूद थे, लेकिन उन्होंने मारपीट पर उतारू लोगों को समझने का प्रयास नहीं किया। जनसभा के दौरान करीब आधे घंटे तक हंगामा की स्थिति बनी रही। हालांकि जनसभा में मौजूद कुछ लोगों के हस्तक्षेप के बाद विवाद शांत हुआ।

# चारधाम यात्रा से पहले तैयारियों की होगी मॉक ड्रिल

**देहरादून** — हमारे संवाददाता

राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने चारधाम यात्रा तैयारियों की समीक्षा की। इस दौरान कहा गया कि सभी परिस्थितियों में पूरा सरकारी तंत्र एकजुटता से काम करेगा।

चारधाम यात्रा से पहले राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) और उत्तराखंड राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (यूएसडीएमए) मिलकर तैयारियों की मॉक ड्रिल करेगा। इस दौरान जहां भी कमियां सामने आएंगी, उनका तत्काल समाधान किया जाएगा। चारधाम यात्रा के लिए आगामी 30 अप्रैल को एनडीएमए की ओर से टेबल टॉप एक्सरसाइज और दो मई को मॉक ड्रिल के बारे में मंगलवार को ओरिएंटेशन तथा कोआर्डिनेशन कांफ्रेंस का आयोजन किया गया। इस ऑनलाइन कांफ्रेंस में यात्रा मार्ग स्थित जिलों के जिलाधिकारी और आर्मी, आईटीबीपी के साथ ही 28 विभागों के 200 से अधिक अधिकारियों तथा प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। कांफ्रेंस में एनडीएमए के वरिष्ठ सलाहकार मेजर जनरल सुधीर बहल ने चारधाम यात्रा के सफल संचालन को लेकर जरूरी दिशा-निर्देश दिए और एक्सरसाइज के उद्देश्यों के बारे में बताया। मेजर जनरल सुधीर बहल ने कहा कि यात्रा के सफल संचालन में आपदा प्रबंधन विभाग, जिला प्रशासन, भारतीय सेना, आईटीबीपी, पुलिस, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल, लोक निर्माण विभाग, जीएमवीएन, वन, पर्यटन, सूचना एवं लोक संपर्क विभाग आदि विभागों की महत्वपूर्ण भूमिका है। किसी आपात स्थिति में सभी विभागों के बीच बेहतर सामंजस्य हो, इसी उद्देश्य से टेबल टॉप एक्सरसाइज और मॉक ड्रिल का आयोजन किया जा रहा है।



# बिजली के दामों में 11 प्रतिशत तक बढ़ोतरी संभव, इस हफ्ते हो सकती हैं नई दरें घोषित

**देहरादून** — हमारे संवाददाता

उत्तराखंड विद्युत नियामक आयोग सभी हितधारकों से बातचीत के बाद बिजली की नई दरों को अंतिम रूप देने की शुरुआत कर दी है। आयोग आठ से 11 प्रतिशत तक बिजली दरों में बढ़ोतरी कर सकता है।

प्रदेश में बिजली के दामों में 8 से 11 प्रतिशत तक बढ़ोतरी की संभावना है। यूपीसीएल ने 23 से 27 प्रतिशत बढ़ोतरी मांग की थी, जिसके सापेक्ष नियामक आयोग उपभोक्ताओं की जरूरत के हिसाब से अपना फैसला लेगा।इस साल यूपीसीएल ने बिजली खरीद पर सालाना 1281 करोड़ का हवाला देते हुए मांग की थी



कि बिजली की दरों में 23-27 फीसदी की बढ़ोतरी की जाए।

उत्तराखंड विद्युत नियामक आयोग ने इस याचिका पर प्रदेशभर में जनसुनवाई, सभी हितधारकों से बातचीत के बाद बिजली की नई दरों को अंतिम रूप देने की शुरुआत कर दी है। इस सप्ताह के अंत या सोमवार तक बिजली दरें घोषित की जा सकती हैं।

# 13 राज्यों की 88 सीटों पर आज शाम थमेगा प्रचार

**नई दिल्ली** — एजेंसी

दूसरे चरण में वायनाड से पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी, मथुरा से हेमा मालिनी, मेरठ से अरुण गोविल मैदान में हैं। तिरुवनंतपुरम से शशि थरूर का मुकाबला केंद्रीय मंत्री चंद्रशेखर से है। जम्मू लोकसभा सीट से भाजपा के जुगल किशोर का मुकाबला कांग्रेस के रमन भल्ला से है।



दूसरे चरण के मतदान के लिए चुनावी शोर बुधवार की शाम थम जाएगा। इसके बाद कोई सार्वजनिक सभा नहीं होगी और प्रत्याशी और उनके स्टार प्रचारक अगले 48 घंटे तक घर-घर जाकर वोट मांग सकेंगे। दूसरे चरण में 12 राज्यों और एक केंद्रशासित प्रदेश की 88 लोकसभा सीटों पर 26 अप्रैल को मतदान होगा। केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर, कांग्रेस नेता राहुल गांधी, शशि थरूर, अभिनेत्री हेमा मालिनी, रामायण सीरियल के राम अरुण गोविल समेत 1,206 प्रत्याशी मैदान में हैं।
पहले चरण के कम मतदान को देखते हुए चुनाव आयोग ने अपने कर्मियों को लोगों को मतदान के लिए प्रोत्साहित करने के लिए कहा है। इसके अलावा चुनाव आयोग ने इस बार से एक नया प्रयोग भी किया है, उसने शहरी इलाकों की बहुमंजिली इमारतों में वहीं पर मतदान की व्यवस्था की है। मतदान का समय सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक है, लेकिन अगर समय खत्म होने के बाद भी लोग लाइन में रह जाते हैं तो उनका वोट भी डलवाया जाएगा।
दूसरे चरण में वायनाड से पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी, मथुरा से हेमा मालिनी, मेरठ से अरुण गोविल मैदान में हैं। तिरुवनंतपुरम से शशि थरूर का मुकाबला केंद्रीय मंत्री चंद्रशेखर से है। जम्मू लोकसभा सीट से भाजपा के जुगल किशोर का मुकाबला कांग्रेस के रमन भल्ला से है, यहां गुलाम नबी आजाद की पार्टी डीपीएपी ने जीएम सरुरी को चुनावी मैदान में उतार कर मुकाबले को त्रिकोणीय करने का प्रयास किया है। यहां पर कुल 22 उम्मीदवार चुनावी मैदान में हैं।

### यूपी की 8 सीटों पर 91 उम्मीदवार

दूसरे चरण में उत्तर प्रदेश की 8 सीटों पर मतदान होगा, जहां 91 उम्मीदवार हैं। सबसे ज्यादा गौतमबुद्धनगर और मथुरा सीट पर 15-15 उम्मीदवार हैं। बुलंदशहर में सबसे कम केवल छह प्रत्याशी मैदान में हैं। अमरोहा में 12, मेरठ में आठ, बागपत में सात, गाजियाबाद और अलीगढ़ में 14-14 प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं।

# नैनीताल में धूमधाम से मनाई हनुमान जयंती

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

नैनीताल तथा आसपास के क्षेत्रों में मंगलवार को हनुमान जयंती धूमधाम से मनायी गयी। इस मौके पर मंदिरों में सुबह से लेकर शाम तक भक्तजनों की ओर से विविध धार्मिक अनुष्ठान किए गए जिसकी वजह से वातावरण भक्तिमय बना रहा।

श्री मां नैना देवी मंदिर और हनुमानगढ़ धाम में हनुमान चालीसा और सुंदरकांड पाठ के साथ ही प्रसाद वितरण कार्यक्रम किया गया जिसमें श्रद्धालुओं ने बढ़.चढ़कर प्रतिभाग किया, साथ ही पंत पार्क से नैना मंदिर तक मालाओं और लडियों से सुंदर सजावट की गई थी। नैना देवी मंदिर के समीप श्री राम सेवा दल की ओर से सुंदरकांड पाठ के साथ ही विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें सभी श्रद्धालुओं ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। साथ ही श्री राम सेवक सभा नैनीताल में शाम को हनुमान चालीसा पाठ और भजन संध्या का आयोजन किया गया। इसके साथ ही शहर में जगह.जगह धार्मिक अनुष्ठान



आयोजित किए गए। इस अवसर पर पुजारी चंद्र शेखर तिवारी समेत गणेश बहुगुणा, भुवन कांडपाल, बसंत बल्लभ पांडे प्रधान आचार्य नवीन चंद्र तिवारी, प्रदीप साह, महेश लाल साह तथा मनोज चौधरी व पान सिंह ढैला,राजीव लोचन साह, हेमंत साह, घनश्याम लाल साह तथा किशन सिंह नेगी आदि उपस्थित रहे। श्री राम सेवक सभा मल्लीताल द्वारा हनुमान जन्मोत्सव धूम धाम से मनाया गया। इस दौरान सभा भवन स्थित राममंदिर में सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ किया गया।

उसके बाद संस्था के बाल कलाकारों एवं रामभक्तों द्वारा भजन संध्या के दौरान भजन कार्यक्रम प्रस्तुत किए। राम दरबार की आरती करने के पश्चात बाद हलवे का प्रसाद वितरित किया गया। इस दौरान संस्था के अध्यक्ष मनोज साह तथा महासचिव जगदीश बवाड़ी, संरक्षक गिरीश जोशी, अशोक शाह, विमल चौधरी, मुकुल जोशी, बिमल शाह, आशु बोरा, हरीश सिंह राणा, भारती साह, सावित्री सनवाल,आराधना कोहली, अनुष्का कोहली, विनीता पवार, मंजू साह, ललिता दोसाद,भगवती शर्मा, उमा साह, सुमन डंडरियाल, रेखा साह, दिया कुमारी तथा दीपा चौधरी, परी साह व रुद्रांश वर्मा व जतिन कुमार उपस्थित रहे। ज्योलीकोट- नैनीताल



राष्ट्रीय राजमार्ग में स्थित हनुमान मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव धार्मिक अनुष्ठानों के साथ धूमधाम से मनाया गया।

पूर्व राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी, जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट तथा सचिन साह ने मंदिर में शीश नवाते हनुमान जी का आशीर्वाद लिया।बीती रात्रि भजन संध्या के आयोजन के बाद आज सुंदर कांडएहनुमान चालीसाएभजन कीर्तनए हवन कन्या पूजन और प्रसाद और भंडारा वितरण किया गया।

आचार्य हरीश शास्त्रीएसंजय सती,पुजारी गंगा सिंह खाती, मुख्य यजमान रविंद्र पाठक,भीम सिंह,दीपक चौधरी दंपतियों ने धार्मिक अनुष्ठान संपन्न किएए आयोजन में युवाओं ने भरपूर सहयोग दिया। इस दौरान आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में महिला श्रद्धालु और अन्य लोग उपस्थित हुए।



## पृथ्वी दिवस पर इको क्लब की गतिविधि ने प्रेरणादायक संदेश दिया

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

पृथ्वी दिवस के मंगलमय अवसर पर ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी भीमताल के निदेशक, कर्नल (सेवानिविर्त) ए.के. नायर के नेतृत्व में इको क्लब की गतिविधि ने एक प्रेरणादायक संदेश दिया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता विभाग के प्रमुख डॉ. कमल सांगुड़ी ने की, है। इस दौरान %उत्तराखंड के नदीप्रेमी% के रूप में प्रसिद्ध श्री जगदीश नेगी ने प्लास्टिक पुनर्चक्रण तकनीकों के बारे में बताया और पर्यावरण संरक्षण की महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। इसके साथ ही, ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी भीमताल के पूर्व विद्यार्थी और इको क्लब के सक्रिय सदस्य श्री हर्षल कन्नोजिया ने अपने अनुभवों से हमें प्रेरित किया। इस अद्भुत उत्सव में लगभग 150 पर्यावरण संरक्षण के योद्धाओं ने भाग लिया।

इस कार्यक्रम में छात्रों ने समग्री अलग करने के लिए प्लास्टिक अपशिष्ट लाया और प्लास्टिक की पुन:संचय और अपसर्तकीकरण परियोजनाएं भी लाईं। छात्रों को अपशिष्ट को अलग करने और सूखे गीले और ई-वेस्ट को संग्रहित करने का डेमो दिया गया। जिन छात्रों की परियोजनाएं बेहतरीन थीं, उन्हें सम्मानित भी किया गया। इस मौके पर कार्यक्रम में इको क्लब के संयोजक डॉ. फरहा खान छात्र-छात्राएं कर्मचारी मौजूद थ।

## रानीखेत में सड़क हादसा गहरी खाई में गिरा ट्रक, एक की मौत

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

रानीखेत के पास सोनी डाट से आगे भतरोजखान में एक ट्रक गहरी खाई में जा गिरा। हादसे के वक्त ट्रक में दो लोग सवार थे।

जिसमें से एक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। रानीखेत में बुधवार सुबह एक सड़क हादसा हो गया। रानीखेत के पास सोनी डाट से आगे भतरोजखान में एक ट्रक गहरी खाई में जा गिरा। हादसे के वक्त ट्रक में दो लोग सवार थे। जिसमें से एक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया।

आसपास के लोगों ने इसकी सूचना फायर स्टेशन रानीखेत को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची रेस्क्यू टीम ने ट्रक संख्या यूपी 21सीटी 4709 से घायल तौफिक निवासी नगरिया जिला रामपुर (उत्तर प्रदेश) को खाई से बाहर निकालकर एंबुलेंस की मदद से अस्पताल पहुंचाया। वही मृतक मटालूब निवासी दढियाल जिला रामपुर के शव को रानीखेत पुलिस को सुपुर्द किया गया।



## NEWS / फटाफट

### रोडवेज कार्यालय में पास न बनने से यात्री परेशान



**नैनीताल ।** नैनीताल रोडवेज बस में रोजाना यात्रा करने वाले यात्रियों के नैनीताल रोडवेज कार्यालय में पास न बनने के कारण उन्हें परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बता दें कि रोजाना रोडवेज बस में यात्रा करने वाले अधिकतर यात्री रोडवेज़ बस का पास बनावाते हैं जिससे उनका एक ओर का किराया बच जाता है।रोजाना हल्दवानी, रानीबाग, दोगाँव तथा ज्योलीकोट तथा बल्दियाखान आदि जगहों से सैकड़ों स्कूली छात्र और कर्मचारी रोडवेज बसों से आवाजाही करते हैं लेकिन नैनीताल रोडवेज कार्यालय में नया कैमरा सिस्टम नहीं लगाए जाने के कारण पास नहीं बनाये जा रहे हैं। रोडवेज कार्यालय में पास ना बनने के कारण लोगों को साइबर कैफ़े से पास बनवाने पड़ रहे हैं। मामले में रोडवेज के स्टेशन इंचार्ज जीवन आर्य ने बताया कि पास बनवाने के लिए नया कैमरा सिस्टम यहां नहीं लगा है जिस कारण नैनीताल कार्यालय में पास नहीं बन पा रहे हैं, कहा कि जल्द ही मुख्यालय से नया सिस्टम आने के बाद यहाँ पास बनाए जाएंगे।

### आठ बंदियों का मामला कमेटी को भेजा गया

**नैनीताल ।** बंदियों की समय से पहले रिहाई के मामले में हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। यह सुनवाई मुख्य न्यायाधीश रितु बाहरी और न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की खंडपीठ में इस मामले में सुनवाई हुई। इस दौरान प्रमुख सचिव गृह वीसी से पेश हुए। सरकार की ओर से कहा गया कि कुल 167 बंदी हैं जिनमें से 25 को छोड़ दिया गया है जबकि 8 बंदियों का मामला कमेटी को भेजा गया है। बाकी की रिहाई के लिये आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। अदालत सरकार के जवाब से संतुष्ट नजर नहीं आयी और इसके बाद प्रमुख सचिव गृह को पेश होने के निर्देश दिये। इसके बाद महाधिवक्ता एसएन बाबुलकर की ओर से अदालत को बताया गया कि इस मामले में उचित कदम उठाए जा रहे हैं। अंत में अदालत ने सरकार को दो सप्ताह में प्रक्रिया पूरी करे। इस मामले में मई में सुनवाई होगी।

**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
-संपादक

**पूर्व प्रधान संपादक:**
**स्व. वेदप्रकाश गुप्ता**
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
**श्रीमती आदेश अग्रवाल** द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
**संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल**
**प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल**
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी
न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

## जमानत याचिका पर हाईकोर्ट के फैसले में देरी के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंचे हेमंत सोरेन

**नई दिल्ली**

**एजेंसी**

सोरेन की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि हाईकोर्ट ने उनकी याचिका पर 28 फरवरी को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था, लेकिन अभी तक कोई फैसला नहीं दिया गया है।

झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। उन्होंने दायर याचिका में कहा कि धनशोधन के एक मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली उनकी याचिका पर हाईकोर्ट फैसला नहीं सुना रहा है।

न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ को सोरेन की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने बताया



कि हाईकोर्ट ने उनकी याचिका पर 28 फरवरी को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था, लेकिन अभी तक कोई फैसला नहीं दिया गया है।

बता दें कि हेमंत सोरेन को प्रवर्तन निदेशालय द्वारा 31 जनवरी को गिरफ्तार किया गया था। उन पर जमीन से जुड़े घोटाले के मामले में धन शोधन का आरोप है। पूर्व सीएम फिलहाल रांची की बिरसा मुंडा जेल में न्यायिक हिरासत में हैं। इस मामले में हाईकोर्ट द्वारा सोरेन की जमानत याचिका पर जवाब देने के लिए ईडी को एक और सप्ताह का समय दिया गया है।

## नाबालिक ने गेमिंग स्टोर में पिता के पौने दो लाख रुपये गवाए

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

मल्लीताल क्षेत्र स्थित एक गेमिंग स्टोर में नाबालिक ने रोजाना दो से तीन हजार का गेम खेल पिता के पौने दो लाख रुपये गवा दिए। खाते से भारी रकम कटी देख पिता के भी होश उड़ गए। तत्काल वह बेटे को लेकर कोतवाली पहुंचे। जहां नाबालिक ने बीते कुछ माह में लगातार ऑनलाइन गेम खेलने में भारी रकम खर्च हो जाने की बात बताई। पुलिस ने गेम स्टोर संचालक से पूछताछ के साथ ही नाबालिक की काउंसलिंग कर उसे स्वजनों के सुपुर्द कर दिया।

जानकारी के मुताबिक तल्लीताल निवासी एक व्यापारी ने सोमवार को अपना बैंक खाता चेक किया तो उसमें से करीब पौने दो लाख रुपए कटे देखे। इस संबंध में जब उसने घरवालों से जानकारी ली मगर किसी ने कुछ नहीं बताया। बेटे पर सख्ती दिखाने पर सामने आया कि उसे ऑनलाइन गेमिंग की लत लग गई है। बीते कुछ समय से वह रोजाना दो से तीन हजार खाते से निकलकर ऑनलाइन गेम खेलने मल्लीताल जाया करता था। यह बात पता चलने के बाद पिता कोतवाली पहुंच गए। इस बीच पुलिस ने गेमिंग स्टोर संचालक को भी कोतवाली बुला लिया। बिना स्वजनों की अनुमति के रोजाना हजारों का ऑनलाइन गेम खिलावाने पर पुलिस ने गेमिंग स्टोर संचालक को कड़ी फटकार लगाई। मामले में कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक हरपाल सिंह ने बताया कि किशोर के स्वजनों द्वारा इस संबंध में कोई कार्रवाई नहीं चाही गई थी। जिस कारण बच्चे की काउंसलिंग के बाद उसे स्वजनों के सुपुर्द कर दिया गया। वही ऑनलाइन गेम स्टोर संचालक को स्वजनों की अनुमति के बाद ही गेम खिलाने के निर्देश दिए गए है। उन्होंने लोगों से अपील की है कि बच्चों पर कड़ी निगरानी रखें। बच्चे ऑनलाइन गेम की लत में न फंसे इसको लेकर बच्चों को जागरुक करते रहे।

# अभिमत



## लगाई जाती है आग

*पर्वतीय क्षेत्र में जंगल के आसपास रहने वाले लोगों को पशुओं के लिए घास चाहिए। पतझड़ होने पर जंगल में सूखे पत्तों को ग्रामीण जला देते हैं, जिससे मामूली बारिश होने पर भी घास उग आती है और पशुओं के लिए चारा उपलब्ध होता है। आग लगाने की दूसरी वजह यह है कि जंगल में लकड़ी माफिया वन विभाग की सांठगांठ से पेड़ काटते हैं और सबूत मिटाने के लिए जंगल में आग लगा देते हैं। वन विभाग चोरी से काटे गये पेड़ों को आग की भेंट चढ़ना दर्शा देता है। पेड़ कटने से पहाड़ आवरण विहीन होते जा रहे हैं। चोरी से पेड़ काटने के साथ ही सड़क बनाने और अन्य कार्यों के लिए पेड़ काटे जा रहे हैं। पेड़ कटने और आग से पर्वतीय क्षेत्र में जलवायु बदल गई है।*

गर्मी का मौसम शुरू होते ही उत्तराखंड के जंगल धधकने लगते हैं। हर साल की तरह इस बार भी जगह-जगह से वनाग्नि की सूचना मिल रही है। मीडिया में लिखा जाता है कि जंगल में आग लग गई, जबकि सच यह है कि आग स्वतः नहीं लगती, बल्कि लगाई जाती है। पर्वतीय क्षेत्र में जंगल के आसपास रहने वाले लोगों को पशुओं के लिए घास चाहिए। पतझड़ होने पर जंगल में सूखे पत्तों को ग्रामीण जला देते हैं, जिससे मामूली बारिश होने पर भी घास उग आती है और पशुओं के लिए चारा उपलब्ध होता है। आग लगाने की दूसरी वजह यह है कि जंगल में लकड़ी माफिया वन विभाग की सांठगांठ से पेड़ काटते हैं और सबूत मिटाने के लिए जंगल में आग लगा देते हैं। वन विभाग चोरी से काटे गये पेड़ों को आग की भेंट चढ़ना दर्शा देता है। पेड़ कटने से पहाड़ आवरण विहीन होते जा रहे हैं। चोरी से पेड़ काटने के साथ ही सड़क बनाने और अन्य कार्यों के लिए पेड़ काटे जा रहे हैं। पेड़ कटने और आग से पर्वतीय क्षेत्र में जलवायु बदल गई है। तीन-चार दशक पहले मई और जून में पर्वतीय क्षेत्र में लोग स्वेटर पहनते थे, कम्बल व रजाई ओढ़ी जाती थी। अब पर्वतीय क्षेत्र में बिजली के पंखे और कूलर की जरूरत महसूस की जा रही है। पेड़ कटने से पर्वत चोटियां बरसात होने पर भरभराकर ढहने लगती हैं। मानसून के दौरान भूस्खलन की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। पिछले साल बरसात के मौसम में एक हजार से ज्यादा सड़कों पर भूस्खलन से यातायात बाधित हुआ था। शीतकाल में हिमपात और वर्षा कम होने से गर्मी का प्रकोप लगातार बढ़ रहा है। पर्वतीय क्षेत्र में हिमपात व बारिश कम होने का असर फलों की उपज पर पड़ा है। जंगल में आग और गर्मी से बागवानी प्रभावित हो रही है। मौसम विज्ञानियों ने हिमालयी राज्यों में विपरीत परिस्थितियों की चेतावनी दी है। पर्वतीय क्षेत्र के लोगों की चुनौतियां बढ़ गई हैं। जलवायु परिवर्तन का विश्व स्तर पर प्रभाव पड़ रहा है। भारत की कई नदियों का जल स्तर गिर गया है। दर्जनों छोटी नदियों के सूखने की आशंका प्रकट की जा रही है। भाबर और तराई में विकास कार्यों के नाम पर पहले से ही पेड़ काटकर हरियाली खत्म जैसी हो गई है। कृषि क्षेत्र सिमट गया है। खेती की जमीन पर उद्योग और आवासीय कालोनियां बन गई हैं। कृषि क्षेत्र कम होने से भविष्य में खाद्यान्न का संकट उत्पन्न होने से इन्कार नहीं किया जा सकता है। वैज्ञानिक लगातार चेतावनी दे रहे हैं कि इस साल गर्मी रिकार्ड तोड़ सकती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने जलवायु परिवर्तन से विभिन्न रोगों के फैलने की चेतावनी दी है। उत्तराखंड में पर्वतीय क्षेत्र से लेकर तराई तक जल संकट गहराता जा रहा है। संकटों की आहट के बाद भी लोग प्रकृति से खिलवाड़ बंद नहीं कर रहे हैं।

# नैनीताल हाईकोर्ट ने किए बड़े पैमाने पर तबादले

**नैनीताल**
**हमारे संवाददाता**

कहकशा खान को उत्तराखंड हाईकोर्ट का रजिस्ट्रार विजिलेंस बनाया गया है। इसके अलावा कई जिलों में जिला एवं सत्र न्यायाधीशों के तबादले कर दिए हैं। नैनीताल हाईकोर्ट ने मंगलवार को नोटिफिकेशन जारी कर जजों की तबादला सूची जारी कर दी है।

इसमें कहकशा खान को उत्तराखंड हाईकोर्ट का रजिस्ट्रार विजिलेंस बनाया गया है। इसके अलावा कई जिलों में जिला एवं सत्र न्यायाधीशों के तबादले कर दिए हैं। जिला एवं सेशन जज हरिद्वार स्कंद कुमार त्यागी का तबादला कर जिला एवं सेशन जज ऊधमसिंह नगर बनाया गया है। प्रिसाइडिंग आफिसर फूड सेफ्टी अपील ट्रिब्यूनल हल्द्वानी के प्रशांत जोशी को जिला एवं सत्र न्यायाधीश हरिद्वार, प्रेम सिंह खिमाल जिला एवं सत्र न्यायाधीश ऊधमसिंह नगर को जिला एवं सत्र न्यायाधीश देहरादून, कहकशा खान जिला एवं सत्र न्यायाधीश चंपावत को हाईकोर्ट का रजिस्ट्रार विजिलेंस हाईकोर्ट, अटैचमेंट पर चल रहे अनुज कुमार संगल को जिला एवं सत्र न्यायाधीश चंपावत बनाया गया है। जज फैमली कोर्ट हरिद्वार मनीश मिश्रा को प्रथम एडिशनल जिला एवं सेशन जज देहरादून, प्रथम एडिशनल जिला एवं सेशन जज देहरादून मनोज गर्ब्याल को



हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार ज्यूडीशियल, प्रथम एडिश्नल जिला एवं सेशन जज काशीपुर विनोद कुमार को एडिशनल जिला एवं सेशन जज कर्णप्रयाग बनाया गया है।

इसी क्रम में अनिता गुंज्याल सिविल जज सीनियर डिविजन कोटद्वार का स्थानांतरण कर उन्हें चीफ ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट ऊधमसिंह नगर बनाया गया है। लक्ष्मण सिंह चीफ ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट देहरादून को चीफ ज्यूडिशियल पौड़ी गढ़वाल, धीरेंद्र भट्ट एडिशनल फैमली जज देहरादून को एडिशनल चीफ ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट हल्द्वानी, संदीप कुमार ज्वाइंट डायरेक्टर उत्तराखंड ज्यूडिशियल एंड लीगल एकेडमी भवाली को सिविल जज सीनियर डिविजन हरिद्वार, मौहम्मद यूसूफ चीफ ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट ऊधमसिंह नगर को ज्वाइंट डायरेक्टर उत्तराखंड ज्यूडिशियल एंड लीगल एकेडमी भवाली जिला नैनीताल, योगेन्द्र कुमार सागर ज्वाइंट रजिस्ट्रार उत्तराखंड पब्लिक सर्विस ट्रिब्यूनल देहरादून को चीफ ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट चमोली, हेमंत सिंह सिविल जज सीनियर डिविजन चंपावत को सिविल जज सीनियर डिविजन ऊधमसिंह नगर, विनोद कुमार बरमन चीफ ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट टिहरी गढ़वाल को सिविल जज सीनियर डिविजन ऋषिकेश, शहजाद अहमद वाहिद सिविल जज सीनियर डिविजन हरिद्वार को प्रथम एडिशिनल सिविल जज सीनियर डिविजन हरिद्वार, मौहम्मद याकूब चीफ ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट पौडी गढ़वाल को सिविल जज सीनियर डिविजन टिहरी गढ़वाल , विभा यादव सेक्रेट्री जिला लीगल सर्विस अथोरिटी पिथौरागढ़ प्रिसिपल मजिस्ट्रेट प्रथम क्लास ज्यूविनाइल जस्टिस बोर्ड हरिद्वार, इंदू शर्मा द्वितीय एडिशनल सिविल जज सीनियर डिविजन देहरादून को प्रथम एडिशनल सिविल जज सीनियर डिविजन ऊधमसिंह नगर , मनोज कुमार द्विवेदी एडिशनल चीफ ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट हल्द्वानी जिला नैनीताल को सिविल जज सीनियर डिविजन कोटद्वार, निहारिका मित्तल गुप्ता प्रथम एडिशनल चीफ ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट देहरादून को चीफ ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट चंपावत, हर्ष यादव सेक्रेट्री जिला लीगल सर्विस अथॉरिटी देहरादून को सिविल जज सीनियर डिविजन नैनीताल, श्वेता पांडे सिविल जज सीनियर डिविजन ऊधमसिंह नगर को द्वितीय एडिशनल सिविल जज सिनियर डिविजन ऊधमसिंह नगर, अविनाश कुमार श्रीवास्तव सिविल जज सीनियर डिविजन टिहरी गढ़वाल को चीफ ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट हरिद्वार , सचिन कुमार चीफ ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट चमोली को एडिशनल चीफ ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट काशीपुर ऊधमसिंह नगर, ललिता सिंह एडिशनल जज फैमली कोर्ट ऋषिकेश को सिविल जज सीनियर डिविजन लक्सर जिला हरिद्वार, संजीव कुमार चीफ ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट उत्तरकाशी को चीफ ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट देहरादून, संदीप सिंह भंडारी द्वितीय एडिशनल चीफ ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट देहरादून को प्रथम एडिशनल चीफ ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट देहरादून, नेहा कुशवाहा सिविल जज सिनियर डिविजन उत्तरकाशी को चीफ ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट नैनीताल, अनीता कुमारी तृतीय एडिशनल सिविल जज सीनियर डिविजन देहरादून को प्रथम एडिशनल सिविल जज सीनियर डिविजन देहरादून, अशोक कुमार ज्वाइंट सेक्रेट्री लॉ गर्वमेंट आफ उत्तराखंड देहरादून को चीफ ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट रूद्रप्रयाग, रश्मि गोयल द्वितीय एडिशनल सिविल जज सीनियर डिविजन ऊधमसिंह नगर को एडिशनल सिविल जज सीनियर डिविजन ऊधमसिंह नगर बनाया है।

## 1 मई को जश्ने गौसुल वारा व कुतुब उत्तराखंड साबिर पाक रहमतुलह अलेह का आयोजन

**नैनीताल** । जश्ने गौसुल वारा व कुतुब उत्तराखंड साबिर पाक रहमतुलह अलेह का आयोजन आगामी 1मई (बुधवार) को किया जाएगा। यह आयोजन रजा क्लब मल्लीताल में होगा। मामले में नाजिम बक्स में बताया कि इस बार जश्ने गौसुल वारा व कुतुब उत्तराखंड साबिर पाक मे जेरे सरपरस्ती के लिए कलियर शरीफ से सज्जाद नशीन दरगह साबिर ए पाक से अली ऐजा कुदुसी नुमानी व मेहेमाने खूसूसी जेरे सदारत बदरे तरिकत हसरत मौलाना सय्यद असलम मियाँ वमिकी जिलानी सज्जदा नशीन खानकहे वमिया ब बरेली शरीफ से शिरकत करेंगे इस कार्यक्रम में बाद नमाज मगरिब मे फातेहा खुवानी और बाद मगरिब लंगर भंडारा और बाद नमाजे ईशा मेहेफिले वाली होंगी जिसमे देवा शरीफ से और बरेली तसरीफ ला रहे हैं। उन्होंने इस को महफिल कामयाब करने मे नैनीताल की सभी कमेटी लगी हुई है।

# एसएसपी ने स्ट्रांग रुम का किया औचक निरीक्षण, सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया

**रुद्रपुर**
**हमारे संवाददाता**

बगवाड़ा मंडी में बनाए गए स्ट्रांग रूम की निगरानी की सुरक्षा व्यवस्था का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने वहां तैनात अर्द्धसैनिक बल और पुलिस के जवानों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। बता दें कि लोकसभा चुनाव की मतदान प्रक्रिया होने के बाद ईवीएम मशीनों को बगवाड़ा मंडी में बनाए गए स्ट्रांग रूम में कड़ी सुरक्षा के बीच रखी गई है। इसकी सुरक्षा के लिए अर्द्धसैनिक बलों के अलावा पुलिस निगरानी कर रही है। एसएसपी डॉ मंजूनाथ टीसी ने लोकसभा चुनाव के परिपेक्ष में ईवीएम मशीनों की सुरक्षा हेतु बगवाड़ा मंडी में बनाए गए स्ट्रांग



रुम का औचक निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। इस दौरान स्ट्रांग रूम की निगरानी के लिए लगाये गए सीसीटीवी कैमरों, वॉच टावर एवं सुरक्षा गार्द का भी निरीक्षण किया। उन्होंने ईवीएम मशीनों की सुरक्षा ड्यूटी में तैनात अधिकारी कर्माचारियों को निर्देशित किया कि वह सतर्कतापूर्वक अपनी ड्यूटी का निर्वहन करेंगे तथा स्ट्रांग रूम में किसी भी बाहरी व्यक्ति को नहीं आने देंगे। उन्होंने साथ ही स्ट्रांग रुम के आस-पास के क्षेत्र की सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से 24 घण्टे निगरानी करने हेतु निर्देशित किया।

# फिल्मी दुनिया

## रणवीर सिंह के फर्जी वीडियो मामले में आया अपडेट



*रणवीर सिंह बीते दिनों अपने एक वायरल वीडियो के कारण सुर्खियों में आ गए। क्लिप में अभिनेता को एक राजनीतिक दल पर टिप्पणी करते देखा गया। वीडियो सोशल मीडिया पर ताबड़तोड़ वायरल हुआ। हालांकि, बाद में पता चला कि यह डीपफेक वीडियो था। वहीं, इस हरकत से परेशान होकर रणवीर सिंह ने इस पर सख्त एक्शन लिया और पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई। अब मामले में महाराष्ट्र साइबर पुलिस के नोडल साइबर पुलिस अधिकारियों ने बड़ा कदम उठाया है। महाराष्ट्र साइबर पुलिस के नोडल साइबर पुलिस स्टेशन ने मंगलवार को अभिनेता रणवीर सिंह का डीपफेक वीडियो पोस्ट करने के आरोप में एक अज्ञात एक्स अकाउंट उपयोगकर्ता के खिलाफ एफआईआर दर्ज की। अभिनेता के पिता की शिकायत के आधार पर प्राथमिकी दर्ज की गई। मंगलवार को रणवीर सिंह के पिता जुगजीत सिंह सुंदर भवनानी ने राज्य साइबर पुलिस के सामने अपना बयान दर्ज कराया। उन्होंने पुलिस को बताया कि 14 अप्रैल को उनके बेटे ने वाराणसी में एक फैशन शो में हिस्सा लिया था जहां उन्होंने एक समाचार एजेंसी को इंटरव्यू दिया था। भवनानी ने साइबर पुलिस को बताया कि 17 अप्रैल को, एक एक्स उपयोगकर्ता ने इंटरव्यू के क्लिप का उपयोग करते हुए रणवीर सिंह का एक डीपफेक वीडियो पोस्ट किया, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आलोचना और कांग्रेस का पक्ष लेने का एक संपादित ऑडियो था।*

### यूजर को नोटिस जारी

*मामले में पुलिस का कहना है कि वीडियो में मूल दृश्य बरकरार रखे गए हैं लेकिन आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डेटा स्वैपिंग, मशीन लर्निंग, एआई-आधारित भाषण की मदद से अभिनेता का डीपफेक वीडियो बनाया गया था। भवनानी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी एक्स यूजर के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 417, 468, 469, 471 और आईटी अधिनियम की धारा 66डी के तहत एफआईआर दर्ज की। महाराष्ट्र साइबर पुलिस के डीआईजी संजय शिंत्रे ने एक बयान में कहा, पुलिस ने उक्त एक्स हैंडल के आरोपी यूजर को नोटिस जारी किया है।*

# ससुरालियों पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने का आरोप

**हल्द्वानी**
**हमारे संवाददाता**

विवाहिता ने ससुरालियों पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

प्रेमपुर लोश्ज्ञानी आनंदपुर निवासी दीक्षा पुत्री स्व. त्रिलोक चन्द्र ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि उसका विवाह हिन्दू रीति रिवाज के अनुसार रवि टम्टा पुत्र मोहन राम टम्टा निवासी गांधीनगर टकुला पोस्ट पटवा डांगर जिला-नैनीताल के साथ हुआ था। विवाह में उसके मायके वालों ने अपनी सामर्थ के अनुसार घरेलू सामान व सोने के जेवर में एक तोले की नथ, एक तोले का ग्लोबन्द, आधे तोले की अंगूठी लड़के की, एक तोले का मांगटीका, व चांदी की पायल व अन्य घरेलू सामान के अलावा पति की मांग पर एक स्कूटी दी गयी थी।



विवाह के दो दिन बाद से ही उसके पति रवि व सास तुलसी, ससुर मोहनराम का रवैया उसके प्रति ठीक नहीं रहा। उसका पति रात को रोज शराब पीकर आता और उसके साथ गाली-गलौज व मारपीट करता। आरोप है कि कम दहेज लाने के लिए ससुराली उसे ताने भी देने लगे। इसके बाद महिला सेल में उसकी काउंसिलिंग भी हुई थी। लेकिन वह सफल नहीं हुई। विवाहिता ने ससरुालियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

News कॉर्नर

## एसटीएच में चोरों का आतंक, डाक्टरों के बैग चुराए

**हल्द्वानी।** डा. सुशीला तिवारी चिकित्सालय में चोरों ने डाक्टरों के बैग पार कर लिया। चिकित्सक ने मामले की शिकायत पुलिस में की है। एसटीएच में मेडिसन विभाग में तैनात डा. राहुल बिष्ट ने पुलिस को दी तहरीर में दी कहा कि डा. चेतन बहुरूपे और उन्होंने अपना बैग डाक्टर्स ड्यूटी रूम में रखा था। उसके बैग में सैमसंग टैबलेट एलजी विंग मोबाइल, पावर बैंक और डा. चेतन बहुरूपे के बैग में रखे पर्स में 3 हजार रूपए की नगदी, डीएल, आधार कार्ड, पैन कार्ड, क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड चोरी कर लिया गया। इसके अलावा डा. याविनी रावत के बैग में रखा आई-पैड एयर पावर बैंक, एटीएम कार्ड, आधार कार्ड, ड्राइविंग लाईसेंस, रेडमी मोबाइल फोन, आई फोन चार्जर आदि भी चोरी कर लिया गया। डाक्ट्र राहुल बिष्ट का कहना है कि उसने अपना बैग एक व्यक्ति के पास देखा जिसके बाद उसने उसका पीछा किया तो वह बाइक संख्या यूके04-एएल 9652 पर बैठ की रामपुर रोड की ओर भाग गया। डाक्टर ने पुलिस से कार्रवाई की मांग की है।

## लक्ष्य चीन में करेंगे भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व

**अल्मोड़ा।** अंतरराष्ट्रीय शटलर लक्ष्य सेन चीन के चेंगडू में आयोजित होने वाले थॉमस कप में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे। कोच की भूमिका में उनके पिता डीके सेन साथ होंगे। पिता-पुत्र की यह जोड़ी कोच और खिलाड़ी के रूप में दूसरी बार भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करेगी। दोनों की इस उपलब्धि पर जिले भर में खुशी की लहर है। पिछले वर्ष भी थाईलैंड में आयोजित थॉमस कप में लक्ष्य ने शानदार प्रदर्शन कर टूर्नामेंट जीता था। इसमें भारत ने इंडोनेशिया को 3-0 से पराजित किया था।

# पर्यटकों से पैक, मसूरी, हरिद्वार-ऋषिकेश में शहर जाम

देहरादून

हमारे संवाददाता

वीकेंड पर बड़ी संख्या में सैलानी उत्तराखंड पहुंचे। पहाड़ के खुशनुमा मौसम का लुत्फ उठाते हुए सैलानियों ने पर्यटन स्थलों का लुत्फ उठाया। हालांकि मसूरी से लेकर ऋषिकेश और हरिद्वार में पर्यटकों को जाम से दो चार होना पड़ा। वहीं, वाहन भी रेंग-रेंगकर चलते नजर आए। मसूरी में कोल्हूखेत से गांधी चौक तक के साथ ही लंढौर बाजार, मलिंगार क्षेत्र में कई बार ट्रैफिक जाम की स्थिति बनी रही। गांधी चौक से किंग्रेग के बीच बार-बार जाम की स्थिति बनी रही। शहर के होटल व्यवसाय से जुड़े लोगों को उम्मीद है कि आने वाले समय में सैलानियों की संख्या बढ़ने की उम्मीद है।



ऋषिकेश में वीकेंड पर हाईवे और बाईपास मार्ग पर वाहनों का दबाव बढ़ने से शनिवार को पूरे दिन जाम लगा रहा। पर्यटक और स्थानीय लोग जाम से परेशान रहे। सुबह से ही हाईवे पर वाहन रेंग रेंगकर चलते रहे। ऋषिकेश मे शनिवार को भी जाम की यहीं स्थिति थी। अधिकांश पुलिसकर्मी चुनाव ड्यूटी से नहीं लौट पाए थे, जिससे यातायात नियंत्रण में दिक्कतें आई। आज भी यही स्थिति बनी हुई है। गंगोत्री हाईवे मार्ग पर बर्मानंद मोड़ पर वाहनों की लंबी कतार लगी रही। जिससे पहाड़ में जाने वाले वाहनों को घंटों तक जाम में फंसा रहना पड़ा। हरिद्वार में बहादराबाद टोल प्लाजा पर लंबा जाम लग गया। वहीं, हरकी पैड़ी पर भी गंगा स्नान के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी रही।

# पुलिस ने पंजाब पहुंच हत्यारोपी शूटर के घर पर 82 की कार्रवाई का नोटिस चस्पा किया

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

ऊधमसिंह नगर पुलिस ने पंजाब में पहुंच फरार शूटर के घर पर 82 की कार्रवाई का नोटिस चस्पा किया है। गिरफ्तारी या फिर कोर्ट में आत्मसमर्पण नहीं करने पर पुलिस उसके घर की कुर्की की कार्रवाई करेगी। हालांकि अभी तक शूटर सरबजीत सिंह पुलिस के हाथ नहीं लगा है। 28 मार्च की सुबह बाइक सवार शूटरों ने नानकमत्ता में डेरा कारसेवा प्रमुख बाबा तरसेम सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी थी। इस मामले में पुलिस ने दोनों शूटर अमरजीत सिंह उर्फ बिट्टू और सर्वजीत सिंह की पहचान कर उनकी तलाश शुरू कर दी थी, साथ ही उन पर एक-एक लाख का इनाम भी घोषित कर दिया था। पुलिस ने हत्या के षड्यंत्र में शामिल और उन्हें राइफल उपलब्ध




कराने वाले दिलबाग सिंह, अमनदीप सिंह उर्फ काला, हरमिंदर उर्फ पिंदी, बलकार सिंह, परगट सिंह, जसपाल सिंह भट्टी उर्फ मिंटू व सुखदेव सिंह उर्फ सोनू के साथ ही सुल्तान व सतनाम को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। जबकि एक शूटर अमरजीत सिंह उर्फ बिट्टू को हरिद्वार में पुलिस ने मुठभेड़ में ढेर कर दिया था। लेकिन सर्वजीत सिंह पुलिस के हाथ नहीं चढ़ा। उसकी तलाश में पुलिस की टीमें यूपी, पंजाब, दिल्ली और हरियाणा की खाक छान रही हैं। पुलिस ने सर्वजीत सिंह के खिलाफ 82 की

**कार्रवाई**

- गिरफ्तारी या फिर कोर्ट में आत्मसमर्पण न करने पर होगी घर की कुर्की
- पुलिस शूटर की गिरफ्तारी को दे रही है दबिश

कार्रवाई को कोर्ट में आवेदन किया। एसपी सिटी मनोज कुमार कत्याल ने बताया कि कुर्की का नोटिस कोर्ट से मिलने के बाद पुलिस ने शूटर सर्वजीत सिंह के तरणतारण पंजाब स्थित घर पर कुर्की की कार्रवाई का 82 का नोटिस चस्पा कर दिया।

उन्होंने बताया कि उसकी संपत्ति कुर्क करने के साथ ही उसकी तलाश जारी रहेगी। पुलिस की टीमें लगातार उसकी गिरफ्तारी के लिए दबिश दे रही हैं। उन्होंने बताया कि नामजद अन्य आरोपियों के खिलाफ साक्ष्य एकत्र किए जा रहे हैं।

# किच्छा रोड एक पेंट एंड प्लाइवुड दुकान में धधकी आग, हड़कंप

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

किच्छा रोड स्थित रहमान पेंट एंड प्लाइवुड नामक दुकान में आग लग गई। आग की सूचना मिलने पर रुद्रपुर,पंतनगर, किच्छा से फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंची। दमकल कर्मियों ने आग पर बमुश्किल काबू पाया। हालांकि आग से दुकान में रखा सामान जल गया। फायर सर्विस विभाग के मुताबिक मंगलवार की रात सूचना मिली कि किच्छा रोड स्थित पेंट एंड प्लाइवुड नाम की दुकान में आग लग गई। आग तेज हैं। सूचना पर दमकल कर्मी गाडियां लेकर मौके पर पहुंचे। कर्मियों ने आग पर काबू पाने की कोशिश की। मौके पर मुख्य अग्निशमन अधिकारी भी पहुंचे। सीएफओ ईशान कटारिया ने बताया कि पंतनगर और रुद्रपुर से यूनिट प्रभारी के नेतृत्व में फायर यूनिट मौके पर पहुंचे। दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाने की कोशिश की। आग बहुत



तेज थी। फायर यूनिट के साथ मिलकर संयुक्त रूप से लगातार पंपिंग कर आग को पूर्ण रूप से बुझाया गया और बढ़ने से रोका गया। उन्होंने बताया कि अग्नि कांड से किसी भी तरह की जनहानि नहीं हुई है। आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। उधर सीएफओ ने बताया कि आग बुझाने के बाद स्थानीय लोगों को भविष्य में अग्निकांड से बचाव हेतु उचित दिशा निर्देश दिए। साथ ही किसी भी दुर्घटना के समय निकटवर्ती फ़ायर स्टेशन को सूचित किए जाने हेतु निर्देशित किया।

# अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से सनसनी

नैनीताल

हमारे संवाददाता

जिला मुख्यालय नैनीताल के समीपवर्ती क्षेत्र हल्द्वानी- कर्णप्रयाग राष्ट्रीय राजमार्ग में स्थित गेठिया के जंगल में मंगलवार को एक अज्ञात व्यक्ति का सड़ा गला शव मिलने की सूचना से सनसनी फैल गयी। शव बेहद सड़ा गला था। उसका चेहरा पहचान में नहीं आ रहा था।

ज्योलीकोट चौकी पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार सुबह गांव के जंगल में चारा-पत्ती लेने गये लोगों को गेठिया- सैनिटोरियम के जंगल में सड़ा गला शव मिलने की जानकारी मिली। इस पर ज्योलीकोट चौकी के प्रभारी अविनाश मौर्य के नेतृत्व में पुलिस कर्मी मौके पर पहुंचे। पुलिस टीम को गेठिया-सैनिटोरियम से करीब एक डेढ़ किमी दूर नीचे जंगल में सड़ी गली अवस्था में शव मिला। चौकी के प्रभारी अविनाश मौर्य ने बताया कि शव का चेहरा गला हुआ है इसलिये पहचाने जाने योग्य नहीं है। शव अपेक्षाकृत ठंडे व धूप रहित स्थान पर पड़ा मिला है। अनुमान के अनुसार उम्र 35 से 40 वर्ष और मृत्यु करीब 15 से 20 दिन या इससे भी पहले हुई हो सकती है। शव की शिनाख्त के प्रयास किये जा रहे हैं और शव को पोस्टमॉर्टम के लिये नैनीताल ले जाया जा रहा है। पुराना शव होने से पता नहीं चल पा रहा है कि मामला हत्या का है या आत्म हत्या का?

## पहाड़ी से गिरा भारी मलबा, यातायात बाधित



**ऋषिकेश।** ऋषिकेश गंगोत्री हाईवे स्यांसू के समीप यातायात के लिए बाधित हो गया है। सुबह 9 बजे के लगभग पहाड़ी से हाईवे पर भारी मात्रा में मलबा गिरा है। हाईवे के दोनों तरफ दर्जनों वाहन फंसे हुए हैं। बीआरओ मलबा साफ करने में जुटा हुआ है।

# बैठक में पर्यटन सीजन संबंधित मुद्दों पर चर्चा

नैनीताल

हमारे संवाददाता

मां नयना देवी नैनीताल व्यापार मंडल की ओर से मंगलवार को बोट हाउस क्लब में प्रेस वार्ता की गई, जिसमें पर्यटन सीजन संबंधित मुद्दों पर चर्चा की गई।

व्यापार मंडल के अध्यक्ष पुनीत टंडन ने कहा कि बुधवार (आज) को डीएम कार्यालय में पर्यटक सीजन को लेकर बैठक की जानी है लेकिन बैठक में हर बार केवल पार्किंग को लेकर ही बात की जाती है जिससे बैठक का कोई लाभ नहीं होता। उनकी ओर से पर्यटक सीजन को देखते हुए हुए ट्रैफिक मैनेजमेंट रुट प्लान तैयार किया गया है, जिससे पर्यटकों को सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि पर्यटन सीजन नजदीक है और मॉल रोड व अन्य जगहों में अभी भी खुदाई चल रही है जिससे आने वाले समय में पर्यटकों को परेशानियों का सामना करना पड़ेगा साथ ही ट्रैफिक ज्यादा होने के कारण पर्यटन सीजन में कई दुर्घटनाएँ देखने को मिलती है। जिसमें कई लोग घायल हो जाते हैं उनकी सुरक्षा के लिए प्रशासन की ओर से मेडिकल टीम बनाई जानी चाहिए।

वहीं पालिका की ओर से तैयार किए गए बहुत से टेंडर भी लंबित हैं जिससे पालिका कर्मचारियों और स्थायी निवासियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

कहा कि शहर में 27 ई रिक्शा चलाने की योजना बनायी जा रही हैजबकि शहर में इतने ई रिक्शों की आवश्यकता नहीं है। उनकी ओर से यह सारे मुद्दे को जिलाधिकारी के सामने रखा जाएगा। वार्ता में शिव शंकर मजूमदार तथा तरुण काडंपाल आदि भी मौजूद रहे।

# वनाग्नि की बढ़ रही घटनाओं को लेकर सभी अधिकारी अलर्ट मोड पर रहें

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

गर्मी का सीजन है, तापमान बढ रहा है ऐसे में वनाग्नि की घटनाएं भी बढ रही हैं इसलिए सभी अधिकारी अलर्ट मोड पर रहें व आपसी समन्वय करते हुए वनाग्नि को रोकना व नियंत्रित करना सुनिश्चित करें।

यह निर्देश मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने वनाग्नि को लेकर वीडियो कांफ्रेंसिंग में दिए। उन्होंने कहा कि वनाग्नि रोकने हेतु विभिन्न माध्यमों से जन जागरूकता फैलायी जाये । स्कूली बच्चों को प्रार्थना सभा व रैलियों के माध्यम से वनाग्नि से होने वाले नुकसानों के बारे में बताया जाये। मानवजनित कारणों से वनों मे आग लगती है, वनों में आग लगाने वालों के खिलाफ एफआईआर



दर्ज करते हुए कड़ी कार्यवाही की जाए। गत वर्षों में वनाग्नि का आंकलन कर जिन क्षेत्रों में वनाग्नि की संभावनाएं अधिक हैं वहां विशेष फोकस रखा जाए तथा कार्य योजना बनाते हुए वनाग्नि को रोका व नियंत्रित किया जाए।वनाग्नि की सूचना मिलते ही त्वरित कार्यवाही की जाए। साथ ही रियल टाइम मॉनीटरिंग की जाए तथा त्वरित कार्यवाही करते हुए सूचनाएं जिला व राज्य कंट्रोल रूम को शीघ्र अवगत कराई जाएं। डीएम उदयराज सिंह ने बताया कि जनपद में आतिथि तक 32 वनाग्नि की घटनाएं हुई हैं जिसमें 42.22 है0 क्षेत्र प्रभावित हुआ है। उन्होंने ने बताया कि 69 क्रू-स्टेशन स्थापित हैं साथ ही 138 फायर वाचर तैनात किये गये हैं व जिला कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। बैठक में सीडीओ मनीष कुमार, प्रभागीय वनाधिकारी आरसी तिवारी, एडीएम अशोक कुमार जोशी, सीएमओ डॉ मनोज कुमार शर्मा,गौरव पांडे, सीईओ केएस रावत, यूएस नेगी मौजूद थे।

# इको क्लब ने एक प्रेरणादायक संदेश

नैनीताल

हमारे संवाददाता

पृथ्वी दिवस के मंगलमय अवसर पर ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी भीमताल के निदेशक, कर्नल (सेवानिर्वित) ए.के. नायर के नेतृत्व में इको क्लब की गतिविधि ने एक प्रेरणादायक संदेश दिया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता विभाग के प्रमुख डॉ. कमल सांगुड़ी ने की, है। इस दौरान उत्तराखंड के नदीप्रेमी के रूप में प्रसिद्ध श्री जगदीश नेगी ने प्लास्टिक पुनर्चक्रण तकनीकों के बारे में बताया और पर्यावरण संरक्षण की महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। इसके साथ ही, ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी भीमताल के पूर्व विद्यार्थी और इको क्लब के सक्रिय सदस्य श्री हर्षल कन्नोजिया ने अपने अनुभवों से हमें प्रेरित किया।

इस अद्भुत उत्सव में लगभग 150 पर्यावरण संरक्षण के योद्धाओं ने भाग लिया। छात्रों को अपशिष्ट को अलग करने और सूखे गीले और ई-वेस्ट को संग्रहित करने का डेमो दिया गया। जिन छात्रों की परियोजनाएं बेहतरीन थीं, उन्हें सम्मानित भी किया गया। इस मौके पर कार्यक्रम में इको क्लब के संयोजक डॉ. फरहा खान छात्र-छात्राएं कर्मचारी मौजूद थे।